Rajasthan Police

प्रेसनोट

पुलिस थाना खाण्डाफलसा जोधपुर आयुक्तालय (पूर्व)

दिनांक 16.11.2022

- थाना खाण्डाफलसा पुलिस टीम द्वारा घरों की छतों पर ROOF TOP SOLAR PLANT लगाने की आड़ में धोखाधडी करने के आरोपी को दिल्ली से दस्तयाब कर किया गिरफ्तार——
- थाना हाजा का TOP 10 MOST WANTED है, आरोपी——
- आयुक्तालय जोधपुर मे आरोपी के विरूध दर्ज है 26 प्रकरण——
- अभियुक्त द्वारा 400 से ज्यादा लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करीब 06 करोड़ का किया है गबन——

घटना विवरण———

थाना खाण्डाफलसा जोधपुर पूर्व पर दिनांक 24.06.2022 को प्रार्थी श्री विजय किशन निवासी कोरणा हाउस के सामने पीएस खाण्डाफलसा जोधपुर पूर्व ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि प्रार्थी ने अखबार मे विज्ञापन देखकर अपने घर पर सोलर प्लांट लगाने हेतु बोम्बे सोलर कम्पनी से सम्पर्क किया गया तो बोम्बे सोलर एण्ड विण्ड पॉवर प्रा0लि0 कम्पनी द्वारा प्रार्थी से करीब 1,82,000 रू प्राप्त कर आज दिनांक तक प्रार्थी के घर पर ना तो सोलर प्लॉट लगाया ना ही प्रार्थी के रूपये वापस दिये जिस पर प्रकरण संख्या 91/2022 धारा 420 406 120बी भादस दर्ज की जाकर अनुसंधान शुरू किया गया।

इसी प्रकार से आयुक्तालय जोधपुर मे अभियुक्त के विरूध विभिन्न थानों में 26 प्रकरण दर्ज होकर अनुसंधानाधीन है।

पुलिस कार्यवाही——

प्रकरणों की गम्भीरता व आम लोगों से प्राप्त शिकायतों के मध्यनजर श्रीमान रविदत गौड़ पुलिस आयुक्त महोदय, डॉ अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त महोदया, जोधपुर पूर्व, श्रीमान नाजिम अली, अति0 पुलिस उपा0 जोधपुर पूर्व तथा श्रीमान लाभुराम, सहायक पुलिस आयुक्त केन्द्रीय द्वारा उक्त प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही तथा स्पष्ट अनुसंधान करने तथा वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी बाबत प्राप्त निशा निर्देशों की पालना में उच्च अफसरान के निकटतम सुपरविजन मे मन थानाधिकारी डॉ0 गीता बिश्नोई निपु द्वारा थाना हाजा पर एक पुलिस टीम श्री भंवरसिह उनि, श्री भंवरलाल हैड कानि, श्री जयप्रकाश हैड कानि, श्री बनवारीलाल, श्री सुरेश बिश्नोई कानि, श्री रमेश कानि का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा पुलिस विभाग के अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए आरोपी के निवास व ठिकानों की तकनीकी आधार पर सटीक पहचान की जाकर आश्रम (दिल्ली) से दस्तयाब किया जाकर बाद अनुसंधान आरोपी धर्मेन्द्र पंवार पुत्र श्री कुनेसिह उम्र 57 साल निवासी नई रकासनी सूरसागर हाल निवासी विला 32, नन्दनवन, ग्रीन्स खेमे का कुआ, पाल रोड पीएस शास्त्रीनगर जोधपुर पश्चिम के विरूध जुर्म प्रमाणित पाये जाने पर

गिरफ्तार किया जाकर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर प्रकरण मे गहनता से अनुसंधान जारी है।

अपराध का विवरण

अभियुक्त धर्मेन्द्र पंवार द्वारा राजस्थान अक्षय उर्जा के तहत अपनी तीन कम्पनीयों का रजिस्ट्रेशन करवाया जाकर करीब 900 टैण्डर स्वीकृत करवाये गये जिसमें से 400 से अधिक लोगों के घरों पर ROOF TOP SOLAR PLANT लगाने की आड़ मे करीब 06 करोड़ रूपये एण्डवांस में प्राप्त कर लोगों के कार्य नही कर उक्त राशि का गबन कर दिया। अभियुक्त द्वारा पैसे भी हजम कर लिये औरे लोगों के काम भी पूर्ण नही किया। लोगों द्वारा एफआईआर दर्ज करवाने की सूचना होने के बाद से अभियुक्त लगातार छुपता रहा जिसको थाना पुलिस टीम द्वारा तकनीकी तथ्यों के आधार पर दिल्ली से दस्तयाब किया गया।

अभियुक्त के विरूध दर्ज प्रकरणों का विवरण——

क्र.सं.	मु.न. / दिनांक	थाना	धारा
1.	91 / 24.06.2022	खाण्डाफलसा	420 406 120बी भादस
2.	304 / 12.09.2022	बनाड	420 406 भादस
3.	500 / 27.08.2022	महामन्दिर	420 406 467 468 120बी भादस
4.	210 / 08.05.2022	उदयमन्दिर	420 406 120बी भादस
5.	107 / 06.06.2022	एयरपोर्ट	420 406 120बी भादस
6.	271 / 07.09.2022	मण्डोर	420 406 120बी भादस
7.	280 / 09.12.2022	मण्डोर	420 406 120बी भादस
8.	129 / 13.07.22	भगत की कोठी	420,406,467,468,120 बी भादस
9.	142 / 02.08.22	भगत की कोठी	420,406 भादस
10.	164 / 06.0.22	भगत की कोठी	420,406 भादस
11.	166 / 05.06.22	देवनगर	420,406 भादस
12.	201 / 07.09.22	प्रतापनगर	420,406,120 बी भादस
13.	214 / 19.09.22	प्रतापनगर	420,406,120 बी भादस
14.	251 / 03.08.22	देवनगर	420,406 भादस
15.	297 / 07.09.22	देवनगर	420,406 भादस
16.	298 / 07.09.22	देवनगर	420,406 भादस
17.	302 / 08.09.22	देवनगर	420,406 भादस
18.	303 / 08.09.22	देवनगर	420,406 भादस
19.	308 / 10.09.22	देवनगर	420,406 भादस
20.	317 / 17.09.22	देवनगर	420,406 भादस
21.	276 / 11.10.22	सरदारपुरा	420,406 भादस
22.	359 / 10.10.22	देवनगर	420,406 भादस
23.	380 / 01.11.22	देवनगर	420,406 भादस
24.	230 / 08.11.22	राजीव गांधी नगर	420,406 भादस
25.	627 / 21.10.22	कुडी भगतासनी	420,406,120 बी भादस
26.	232 / 10.11.22	राजीव गांधी नगर	420,406 भादस

गठित पुलिस टीम

डॉ गीता बिश्नोई निपु थानाधिकारी
श्री भंवरसिंह उनि
श्री भंवरलाल हैड कानि0
श्री जयप्रकाश हैड कानि0
श्री सुरेश बिश्नोई कानि0
श्री बनवारीलाल कानि0
श्री रमेश कानि0

(डॉ0 गीता बिश्नोई नि0पु0)
थानाधिकारी
पुलिस थाना खाण्डाफलसा
जोधपुर पूर्व
02912650756
ps.khandafalsa.east.jodhpur@rajpolice.gov.in